परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय – 2, मुंबई

आवधिक परीक्षा – 3 [2023-24]

कक्षा - नौंवी अंक - 40

विषय - हिंदी [द्वितीयभाषा ] समय - डेढ़ घंटा

[भाग - क]

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए - [3]

हम अपने कार्यों को देश के अनुकूल होने की कसौटी पर कसकर चलने की आदत डालें, यह बहुत उचित है, बहुत सुंदर है, पर हम इसमें तब तक सफल नहीं हो सकते, जब तक की हम अपने देश की भीतरी दशा को ठीक - ठाक न समझ लें और उसे हमेशा अपने सामने नहीं रखें । हमारे देश को दो बातों की सबसे पहले और सबसे ज्यादा जरूरत है - एक शक्ति बोध और दूसरा सौंदर्य-बोध । बस, हम यह समझ लें कि हमारा कोई भी काम ऐसा न हो जो देश में कमजोरी की भावना को बल दें या कुरुचि की भावना को परसारित करें। जरा अपनी बात को और स्पष्ट कर दीजिए। यह आप की राय है और मैं इससे बहुत ही खुश हूँ कि आप मुझसे यह स्पष्टता माँग रहे हैं।

क्या आप चलती रेलों में, मुसाफिरखानों में, कल्बों में, चौपालों पर और मोटर -बसों में कभी चर्चा करते हैं कि हमारे देश में यह नहीं हो रहा है, वह नहीं हो रहा है और यह गड़बड़ है,वह परेशानी है ? साथ ही क्या इन स्थानों में या इसी तरह के दूसरे स्थानों में आप कभी अपने देश के साथ दूसरे देशों की तुलना करते है और इस तुलना में अपने देश को हीन और दूसरे देशों को श्रेष्ठ सिद्ध करते करते हैं?

[1] देश के अनुकूल होने की कसौटी पर कार्य करते हुए भी सफलता पाने के लिए क्या करना चाहिए ?

[क] हम देश की आंतरिक दशा को नजर अंदाज करें

[ख] हम देश की आंतरिक दशा को हमेशा ध्यान में रखें

[ग] देश के लोगों को अपने साथ रखना चाहिए

[घ] देश की बाह्य परिस्थितियों पर ध्यान नहीं देना चाहिए

[2] हम अपने देश की शक्ति- बोध की भावना को कैसे बनाए रख सकते हैं?

[क] हमें देश को शक्तिशाली बनाना चाहिए

[ख] हमें देश को कमजोर बनाने वाले कार्य नहीं करना चाहिए

[ग] हमें देश की भीतरी दशा को ठीक - ठाक समझना चाहिए

[घ] इनमें से कोई नहीं

[3] हमें अपने देश की गड़बड़ी या परेशानियों का उल्लेख क्यों नहीं करना चाहिए?

[क] क्योंकि ऐसा करना कानून के खिलाफ़ है

[ख] क्योंकि ऐसा करके हम अपने देश को हीन तथा दूसरे को श्रेष्ठ बताते हैं

[ग] क्योंकि ऐसा करके हम देश को संबल करते हैं

[घ] क्योंकि ऐसा करके हम देश कुरूप बनाते हैं

प्र.2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए - [3]

सच हम नहीं, सच तुम नहीं,
सच है, महज संघर्ष हीं
संघर्ष से हटकर जिए तो क्या जिए हम या कि तुम
जो नत हुआ वह मृत हुआ,
ज्यों वृंत से झरकर कुसुम
जो लक्ष्य भूल रुका नहीं ,
जो हार देख झुका नहीं,
जिसने प्रणय पाथेय माना जीत उसकी ही रही,
सच हम नहीं, सच तुम नहीं ।
ऐसा करो जिससे न प्राणों में कही जड़ता रहे,
जो है जहाँ चुपचाप अपने आप से लड़ता रहे,
जो भी परिस्थितियाँ मिले काँटे चुभे, कलियाँ खिलें ,
हारे नहीं इंसान , है संदेश जीवन का यही,
सच हम नहीं, सच तुम नहीं ।

[1] काव्यांश के लिए सर्वथा उपयुक्त शीर्षक है-

[क] जीवन - संघर्ष

[ख] जीवन - कुसुम

[ग] जीवन - मरण

[घ] जीवन - सत्य

[2] जो नत हुआ वह मृत हुआ, ज्यों वृंत से झरकर कुसुम -से कवि का आशय है-

[क] डाली से झरकर नीचे गिरा हुआ फूल नष्ट हो जाता है

[ख] जो गिर जाता है वह मर जाता है

[ग] विषम परिस्थितियों के सामने घुटने टेकने वाला मृतक सामान होता है

[घ] क तथा ग दोनों सही हैं

[भाग- ख] [व्याकरण भाग]

प्र. 3 निम्नलिखित शब्दों में से वह शब्द चुनिए है जिससे दिए गए उपसर्ग का प्रयोग नहीं होगा - [कोई एक ] [1]

[1] प्रति

[क] प्रत्यक्ष [ख] प्राध्यापक [ग] प्रत्येक [घ] प्रतिक्षण

[2] ला

[क] लावारिस [ख] लालच [ग] लापता [घ] लाजवाब

प्र.4 दिए गए प्रत्ययों से निर्मित शब्द होगा - [कोई एक ] [1]

[1] अनीय

[क] दर्शनीय [ख] चलनीय [ग] आदरणीय [घ] पठनीय

[2] इक

[क] रेखिक [ख] लिपिक [ग] साहित्यिक [घ] पठनीय

प्र.5 निम्नलिखित समस्त पदों के सही समास भेद का नाम होगा ? [कोई दो] [2]

[1] शताब्दी

[क] द्विगु समास [ख] अव्ययीभाव समास [ग] तत्पुरुष [घ] कर्मधारय समास

[2] महाविद्यालय

[क] तत्पुरुष समास [ख] अव्ययीभाव समास [ग] द्विगु समास [घ] कर्मधारय समास

[3] अमृतधारा

[क] तत्पुरुष समास [ख] अव्ययीभाव समास [ग] कर्मधारय [घ] द्विगु समास

प्र.6 अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों में सही वाक्य का भेद होगा ? [कोई दो] [2]

[1] ईश्वर करे आपका कार्य पूरा हो ।

[क] निषेधवाचक [ख] इच्छावाचक [ग] संकेतवाचक [घ] आज्ञावाचक

[2] मैं दौड़ नहीं सकता ।

[क] विधान वाचक [ख] निषेधवाचक [ग] संदेहवाचक [घ] संकेतवाचक

[3] यहाँ से चले जाओ ।

[क] आज्ञावाचक [ख] विधान वाचक [ग] संकेतवाचक [घ] इच्छावाचक

प्र.7 निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार का सही नाम होगा ? [कोई दो] [2]

[1] पायो जी मैंने राम रतन धन पायो

[क] उत्प्रेक्षा [ख] रूपक [ग] उपमा [घ] अनुप्रास

[2] रती- रती शोभा सब रती के शरीर की

[क] अनुप्रास [ख] रूपक [ग] यमक [घ] उपमा

[3] मखमल के झूल पड़े हाथी -सा टीला

[क] उपमा [ख] रूपक [ग] अनुप्रास [घ] यमक

[भाग - 3, गद्य एवं काव्य भाग]

प्र.8 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- [3]

तुम फोटो के महत्त्व को नहीं समझते । समझते होते, तो किसी से फोटो खिंचाने के लिए जूते माँग लेते । लोग तो माँगे के कोट से वर-दिखाई करते हैं और माँगे की मोटर से बारात निकालते हैं । फोटो खिंचवाने के लिए तो बीवी तक माँग ली जाती है, तुमसे जूते ही माँगते नहीं बने । तुम फोटो का महत्त्व नहीं जानते । लोग तो इत्र चुपड़कर फ़ोटो खिंचवाते हैं, जिससे फोटो में खुशबू आ जाए। गंदे से गंदे आदमी की फोटो भी खुशबू देती है ।

[1] तुम फ़ोटो के महत्त्व को नहीं समझते, लेखक ने ऐसा क्यों कहा ?

[क] उनके पास बहुत अधिक फोटो थीं

[ख] उन्हें फोटो अच्छी नहीं लगती थी

[ग] उन्हें दिखावा पसंद नहीं था

[घ] उन्हें फोटो खिंचवाना अच्छा नहीं लगता था

[2] लोग फोटो खिंचवाने के लिए क्या करते हैं

[क] जूते, कोट आदि परिधान माँग लेते हैं

[ख] उधार की बीवी माँग लेते हैं

[ग] इत्र लगाकर बैठते हैं

[घ] उपर्युक्त सभी

[3] प्रेमचन्द फोटो के लिए जूते क्यों नहीं माँग सके ?

[क] अहंकार के कारण

[ख] स्वाभिमान के कारण

[ग] गरीबी के कारण

[घ] प्रदर्शन की भावना न होने के कारण

प्र.9 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए - [2*3=6]

[1] किस घटना ने शालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया और उन्हें पक्षी प्रेमी बना दिया?

[2] शालिम अली ने पूर्व प्रधानमंत्री के सामने पर्यावरण से संबंधित किन संभावित खतरों का चित्र खींचा होगा जिससे उनकी आँखें नम हो गई थी ?

[3] लेखिका महादेवी वर्मा ने अपनी माँ के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है?

[4] जावरा के नवाब के साथ अपने पारिवारिक संबंधों को लेखिका महादेवी वर्मा ने आज के संदर्भ में सपना जैसा क्यों कहा है ?

प्र.10 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- [3]

फैली खेतों में दूर तलक
मखमल की कोमल हरियाली ,
लिपटी जिससे रवि की किरणें
चाँदी की -सी उजली जाली !
तिनकों के हरे हरे तन पर
हिल हरित रुधिर है रहा झलक,
श्यामल भू तल पर झुका हुआ
नभ का चिर निर्मल नील फलक !

[1] सूर्य की किरणों में ओस की बूँदें किसके समान लगती हैं ?

[क] मोती के समान [ख] पारे के समान

[ग] चाँदी की जाली के समान [घ] सोने की जाली के समान

[2] हरे तिनके कैसे झिलमिलाते हैं ?

[क] जैसे हरा - हरा खून प्रवाहित हो रहा हो

[ख] जैसे रंग - बिरंगे तारे टिमटिमा रहे हों

[ग] जैसे हरे - हरे जुगनू चमक रहे हों

[घ] जैसे हरे- हरे मोती झिलमिला रहे हों

प्र.11 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [2*3=6]

[1] कवि सुमित्रानंदन पंत ने गाँव को जन मन हरता क्यों कहा है ?

[2] गांव को मरकत डिब्बे - सा खुला क्यों कहा गया है ?

[3] लता ने बादल रूपी मेहमान को किस तरह देखा और क्यों ?

[4] मेघ रूपी मेहमान के आने से वातावरण में क्या परिवर्तन हुए ?

प्र.12 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [2*2=4]

[1] लेखिका मृदुला गर्ग ने अपनी नानी को कभी देखा भी नहीं फिर भी वे उनके व्यक्तित्व से क्यों प्रभावित थी ?

[2] लेखिका मृदुला गर्ग की नानी की आजादी के आन्दोलन में किस प्रकार की भागीदारी रही ?

[3] शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है- इस दिशा में लेखिका मृदुला गर्ग के प्रयासों का उल्लेख कीजिए ।

प्र.13 राष्ट्रपति द्वारा वीर बालक पुरस्कार से सम्मानित अपने छोटे भाई को लगभग 100 शब्दों में एक बधाई पत्र लिखिए । [4]

अथवा

अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए ।

*******************************